**<u>लखनऊ कार्यालय में एनएचपीसी एवं बीएसयूएल द्वारा संयुक्त रूप से 75वें स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के सन्दर्भ में |</u>**

लखनऊ कार्यालय में एनएचपीसी एवं बीएसयूएल द्वारा संयुक्त रूप से देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया | इस अवसर पर महाप्रबंधक-एनएचपीसी एवं सीईओ - बीएसयूएल, श्री मनीष सहाय के द्वारा अधिकारियों, कार्मिकों, संविदा कर्मियों तथा सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान गाया गया |




**(झंडारोहण करते हुए श्री. मनीष सहाय- महाप्रबंधक महोदय)**

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने उपस्थित समूह को संबोधित किया और 75वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं | अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस का महत्व समझाते हुए और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए सरकार द्वारा 14 अगस्त 2021 को आरंभ की गई "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" की जानकारी भी दी | साथ ही इस बात का भी उल्लेख किया कि आज़ादी के उपरान्त इस तीसरी पीढ़ी को, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों एवं वीरगाथाओं की जानकारी होनी चाहिए |




**(महाप्रबंधक महोदय द्वारा सम्बोधन)**

अपने संबोधन में सीईओ बीएसयूएल द्वारा निष्पादन के विभिन्न चरणों में चल रहे, चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं (कुल 1510 MW) के बारे में जानकारी दी | उनमें कालपी सोलर पॉवर प्रोजेक्ट (65 MW), मिर्ज़ापुर सोलर पार्क (100 MW), जालौन सोलर पार्क (1200 MW), और माधोगढ सोलर पॉवर प्रोजेक्ट (45 MW) शामिल हैं | उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एमएनआरई द्वारा बीएसयूएल को अभी तक दो सोलर पार्क (1200 MW व 100 MW) का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है एवं एक सोलर पार्क (65 MW) का अनुमोदन विचारार्थ है | उन्होंने यह भी बताया कि 1200 MW जालौन सोलर पार्क उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सोलर पार्क होगा | सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर फ़्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने की संभावनाओं पर भी बीएसयूएल विचार कर रहा है ।



**(संपर्क कार्यालय कर्मियों का सामूहिक चित्र)**

सीईओ महोदय ने बीएसयूएल के कार्यों में हुई प्रगति के पीछे सभी कार्मिकों की कर्मठता व टीम भावना के साथ- साथ एनएचपीसी प्रबंधन तथा बीएसयूएल निदेशकों से मिल रहे सहयोग, मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशों की भी भूरि-भूरि सराहना की | सीईओ महोदय ने सभी से पूर्व की भांति आगे भी इसी प्रकार से बीएसयूएल तथा एनएचपीसी की प्रगति के लिए कार्यरत रहने कि अपील की |



**(महाप्रबंधक द्वारा पुरुस्कार वितरण)**

इस अवसर पर उपस्थित बच्चों व कर्मचारियों ने देशभक्ति से पूर्ण गाने व कविता का गायन व वाचन किया |

***XXX***